हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 3 नवंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 बैंकों के बाहर पार्किंग सुविधा नहीं मेन रोड पर लगता है जाम



07 सिरोंज को जिला बनाने के प्रस्ताव पर भी मेरी सहमतिः सांसद...



खबर संक्षेप

रोजाना 3 आंगनबाड़ी केंद्रों का करें निरीक्षण

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले के सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को प्रतिदिन कम से कम तीन आंगनबाड़ी केंद्रों का अनिवार्य निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान केंद्रों के संचालन, बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार वितरण और गर्भवती व धात्री महिलाओं को मिल रही सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया जाए। साथ ही प्रत्येक दिन किए गए निरीक्षण का प्रतिवेदन नियमित रूप से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

मेडिकल कॉलेज में 4 को पशुपालन प्रशिक्षण

विदिशा। पशुपालकों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी देने के लिए 4 नवंबर को मेडिकल कॉलेज विदिशा में उन्नत पशुपालन एवं स्वच्छ दुग्ध उत्पादन प्रशिक्षण होगा। सीआईआई-फेस के आयोजन में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक विशेषज्ञ स्वच्छ दुग्ध दोहन, पशु स्वास्थ्य, संतुलित पोषण और गर्मी के तनाव से बचाव की व्यावहारिक जानकारी देंगे।

मप्र की कबड्डी टीम में अभिजीत का चयनित

विदिशा। जिले के कबड्डी खिलाड़ी अभिजीत कुशवाह का चयन मध्यप्रदेश की टीम में हुआ है। वे 52वीं जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता 2 से 5 नवंबर तक पटना, बिहार में आयोजित हो रही है। अभिजीत जिला खेल परिसर स्टेडियम में कबड्डी प्रशिक्षक ज्योति ठाकुर के मार्गदर्शन में नियमित प्रशिक्षण ले रहे हैं। जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह रावत ने बताया कि अभिजीत ने निरंतर अभ्यास और मेहनत से यह उपलब्धि हासिल की है।

बाजार से खरीदी करने की अपील करेंगे व्यापारी

विदिशा। ऑनलाइन खरीदी के कारण बाजार से गायब हुई रौनक वापस लौटाने व्यापारियों द्वारा आज सुबह 12 बजे कृष्णा स्वीट्स रेलवे स्टेशन चौराह पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विदिशा चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एवं कैट टीम के पदाधिकारी शहरवासियों से स्थानीय बाजार से खरीदी करने की अपील करेंगे। कार्यक्रम संयोजक रोहित गर्ग, अमित शर्मा, दिनेश रमानी, आनंद अग्रवाल और आईटी प्रमुख दिलीप जौहरी सहित व्यापारियों ने शहरवासियों से बाजारों में उत्साह के दीप जलाने का आह्वान किया है।

साकेत में काशी दर्शन कार्यक्रम गुरुवार को

विदिशा। दीपावली पर्व को लेकर साकेत एमजीएम स्कूल परिसर में 5 नवंबर को साकेत स्कूल में काशी दर्शन एक अनंत यात्रा कार्यक्रम होगा। वहीं 6 नवंबर को शाम 6 बजे अभिभावक और आम लोगों द्वारा अवलोकन किया जाएगा।

खुले में पड़ी मशीनों की सुरक्षा और संचालन व्यवस्था पर सवाल

कृषि मंडी में अचानक 87 लाख की मशीनें सड़क पर पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

हरिभूमि पड़ताल

कृषि उपज मंडी विदिशा मिर्जापुर में क्लीनिंग, ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग प्लांट स्थापित के लिए मंडी बोर्ड द्वारा भेजी गईं 87 लाख रुपए की मशीनरी मंडी कार्यालय के सामने सड़क पर पड़ी है। जिससे प्लांट निर्माण की तैयारी में जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रदेश की चयनित 30 मंडी समितियों में 10 टन प्रति घंटे (टीपीएच) क्षमता के सोर्टेक्स प्लांट लगाने का टेंडर हरियाणा की कृपा एग्रो इंडस्ट्रीज को मिला है।

हैरानी की बात यह है कि विदिशा मंडी समिति को प्लांट स्थापना की जानकारी तक नहीं थी। मशीनें अचानक मंडी पहुंचीं तो पूरी प्रक्रिया सामने आई। मशीनें आ चुकी हैं और प्लांट का शेड तक तैयार नहीं हुआ है। प्लांट से किसानों को क्या लाभ मिलेगा, यह भी अभी स्पष्ट नहीं है। किसान अपनी उपज की ग्रेडिंग खुद कर सकेंगे या फर्म इसके लिए शुल्क वसूलेगी? एक साल तक फर्म संचालन करेगी तो मंडी समिति की भूमिका क्या होगी? इन सवालों के जवाब उपलब्ध दस्तावेजों में भी नहीं हैं। प्रभारी सचिव शंभु सिंह रघुवंशी के अनुसार प्लांट राष्ट्रीय कृषि विकास विभाग के अंतर्गत स्थापित किया जा रहा है। मशीनें और निर्माण संबंधी निर्णय ऊपर से हुए हैं। मैं तो अभी प्रभार में हूं इसलिए ज्यादा नहीं बता सकता। सवाल यह है कि बिना स्थानीय समिति को जानकारी दिए करोड़ों की योजनाओं की प्रक्रिया कैसे संचालित हो रही है और खुले में पड़ी मशीनों की जिम्मेदारी कौन लेगा। मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल के अपर प्रबंध संचालक अनुराग सक्सेना के आदेश पर यह मशीनें मंडी में पहुंचीं हैं।



विदिशा। मंडी समिति कार्यालय के गेट के सामने खुले में पड़ी है प्लांट की सामग्री और मोटरें।

सबकुछ ऊपर से हो गया तय

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत मंडी में प्लांट स्थापित किया जा रहा है। इसके लिए करीब 15 बाय 50 मीटर जगह चिन्हित की गई है। जमीन का आवंटन भी ऊपर से ही किया गया है। मशीनों के साथ शेड निर्माण और करीब एक साल तक प्लांट का संचालन भी संबंधित फर्म करेगी। सवाल यह है कि इतनी बड़ी योजना के संबंध में स्थानीय मंडी समिति को विश्वास में क्यों नहीं लिया गया।

शेड बना ही नहीं, मशीनें पहले आ गईं

मंडी कार्यालय के सामने ग्रेडिंग की बड़ी-बड़ी मोटरों सहित मशीनें रखी हुई हैं। मंडी समिति ने इन्हें अपने हैंडओवर ले लिया है, लेकिन इनके रखरखाव और सुरक्षा की जिम्मेदारी स्पष्ट नहीं है। बारिश होने पर मोटरों और उपकरणों के खराब होने का खतरा है। यदि कोई उपकरण गायब होता है तो जवाबदेही किसकी होगी? पहले शेड तैयार कराकर मशीनें सीधे स्थापित कराई जानी चाहिए थीं, लेकिन यहां मशीनें पहले पहुंचा दी गईं और निर्माण की स्थिति स्पष्ट नहीं है।

पांच साल में हटाए गए सेल्समैन की होगी जांच

विदिशा। जिले में पिछले पांच वर्षों में उचित मूल्य दुकानों से पृथक किए गए सेल्समैन की जांच की जाएगी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में सभी एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि संबंधित सेल्समैन की विस्तृत जानकारी जुटाकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि कार्य से पृथक किए गए किसी सेल्समैन को दोबारा उचित मूल्य दुकान पर काम तो नहीं सौंप दिया गया है। कलेक्टर ने अभिलेखों का परीक्षण कर तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जांच निर्धारित समय-सीमा में पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी, ताकि पृथक किए गए सेल्समैन की पुनर्नियुक्ति नहीं हो सके।

5217 परिवारों को मिलीं नवीन पात्रता पर्चियां

विदिशा। जिले में वर्ष 2026 के जनवरी से नवंबर तक कुल 5217 परिवारों को नवीन पात्रता पर्चियां जारी की गईं। इसके माध्यम से पात्र परिवारों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न सुविधा का लाभ मिलेगा। नवंबर में सर्वाधिक 856 परिवारों को पर्चियां जारी की गईं। ग्रामीण क्षेत्रों में 4108 परिवारों को पात्रता पर्चियां मिलीं। इनमें बासौदा के 1085, सिरोंज के 711 और नटेरन के 671 परिवार शामिल हैं। वहीं नगरीय निकायों में 1109 परिवार लाभान्वित हुए। इनमें विदिशा नगरपालिका के 446 और गंजबासौदा के 291 परिवार शामिल हैं। पात्र परिवारों को खाद्यान्न योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया जारी है।

लंबित आवेदनों के निराकरण में लापरवाही न बरतें, समय सीमा में करें कार्रवाईः डीएम

सीपी ग्राम और सीएम हेल्पलाइन की कलेक्टर ने की समीक्षा, शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण समाधान के निर्देश



विदिशा। कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जारी किए निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को सिरोंज से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में लंबित आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने सीपी ग्राम और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की विभागवार जानकारी लेते हुए अधिकारियों को समय-सीमा में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लंबित आवेदनों की स्थिति, निराकरण में आ रही समस्याओं और अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लेते हुए उसका गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों के निराकरण में केवल औपचारिकता नहीं निभाएं, बल्कि आवेदकों की समस्याओं का वास्तविक समाधान करें। उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी नियमित समीक्षा करें। जिन प्रकरणों में अन्य विभागों या मैदानी स्तर पर समन्वय की आवश्यकता है, वहां आपसी तालमेल से कार्रवाई करें। कलेक्टर ने सीपी ग्राम के आवेदनों को भी प्राथमिकता से निराकृत करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक परेशान न होना पड़े। इसके लिए अधिकारी स्वयं जिम्मेदारी लेकर सतत निगरानी करें। बैठक में विभिन्न शासकीय अभियानों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करने और आमजन को समय पर राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

एसएटीआई कॉलेज में दो दिवसीय टेक्नोविजन शुरू 750 विद्यार्थी ले रहे भाग

डॉ. सप्रे बोलेः भारतीय इंजीनियर्स की प्रतिभा का लाभ देश को मिले, डॉ. जैन ने अनुसंधान पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

एसएटीआई में दो दिवसीय टेक्नोविजन 2026-2027 का शुभारंभ हुआ। आयोजन में करीब 750 विद्यार्थी तकनीकी नवाचार, अनुसंधान और रचनात्मकता से जुड़ी गतिविधियों में भाग ले रहे हैं।



मुख्य अतिथि एमएएनआईटी भोपाल के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. सदानंद दामोदर सप्रे ने कहा कि भारतीय इंजीनियर्स और वैज्ञानिकों की योग्यता का लाभ देश और समाज को मिलना चाहिए। उन्होंने पोखरण-2 के बाद अमेरिका और रूस द्वारा तकनीकी समझौते रद्द किए जाने का उदाहरण देते हुए बताया कि भारतीय वैज्ञानिकों ने स्वदेशी तकनीक से सुपर कम्प्यूटर और क्रायोजेनिक इंजन विकसित कर देश को आत्मनिर्भर बनाया। युवाओं को बड़े पैकेज के बजाय देशहित को प्राथमिकता देनी चाहिए।

एसएटीआई निदेशक डॉ. वाई.के. जैन ने विद्यार्थियों से अनुसंधान पर विशेष ध्यान देने और सभी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की। डीन एकेडमिक डॉ. आलोक जैन ने टेक्नोविजन को विद्यार्थियों की शैक्षणिक तैयारी का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया।

आयोजन सचिव डॉ. डीके शाक्य ने बताया कि आठ इवेंट्स में पेपर-पोस्टर प्रेजेंटेशन, मॉडल हार्डवेयर, कोडिंग, स्टार्टअप, रोबो रम्बल और रोबो वॉक शामिल हैं। पेपर प्रेजेंटेशन के लिए 309 शोधपत्र मिले, जिनमें 235 का चयन किया गया। विजेताओं को ट्रॉफी और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

मशीनें बांटीं, पंजीयन की दिक्कतें होंगी दूर

हरिभूमि न्यूज. ग्यारसपुर। एमपी किसान पोर्टल पर पंजीयन और बायोमेट्रिक सत्यापन की समस्याओं के निराकरण के लिए कृषि विभाग ने मंत्रा फिंगरप्रिंट मशीनों का वितरण किया। इससे किसानों का पंजीयन और ई-केवाईसी कार्य तेजी से हो सकेगा। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को मशीन संचालन और तकनीकी समस्याओं के समाधान के निर्देश भी दिए गए।

निर्देशः दुकानों पर रेट सूची, स्टॉक व विक्रय पंजी की जांच करें

एसडीएम और तहसीलदारों को कलेक्टर के निर्देश, अनियमितता मिलने पर होगी कार्रवाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

किसानों को निर्धारित दरों पर खाद उपलब्ध कराने और उर्वरक विक्रय व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिले की सभी शासकीय एवं निजी खाद दुकानों की नियमित जांच की जाएगी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने एसडीएम और तहसीलदारों को खाद विक्रय व्यवस्था पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सभी खाद दुकानों की अपडेट सूची तहसीलदारों को उपलब्ध कराई जाए। तहसीलदार प्रत्येक दुकान का निरीक्षण कर रेट सूची, उपलब्ध स्टॉक और विक्रय पंजी की जांच करेंगे। पंजी में दर्ज जानकारी का वास्तविक स्टॉक और बिक्री से मिलान भी किया जाएगा।

इसके अलावा दुकानों पर विद्युत का व्यावसायिक कनेक्शन और डायवर्शन राशि जमा होने की स्थिति भी जांची जाएगी। खाद बिक्री में अनियमितता मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों को जांच पूरी कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

नवोदय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में विद्यार्थियों की सुविधाओं और सुरक्षा पर हुई चर्चा

शमशाबाद। पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक एसडीएम एवं समिति अध्यक्ष अजय पाठक की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में उप प्राचार्य एवं प्रभारी प्राचार्य एमडी मिश्रा ने विद्यालय की गत वर्ष एवं वर्तमान सत्र की उपलब्धियों की जानकारी दी। बैठक में विद्यालय परिसर की आंतरिक सड़क निर्माण, विद्यार्थियों के लिए प्रतिमाह स्वास्थ्य शिविर, हर घर नल से जल योजना के तहत पेयजल व्यवस्था, नवोदय चयन परीक्षा में पंजीयन बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन का सहयोग, नियमित कचरा वाहन, रात्रिकालीन पुलिस गश्त तथा परिसर से बाहर 33 केवी विद्युत लाइन स्थानांतरित करने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ ही बोर्डिंग सेफ्टी एवं फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र जारी कराने पर भी जोर दिया गया। इस बैठक में प्राचार्य जितेंद्र कुमार मिश्रा ,ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. शुभम मंदेरिया,जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि संजेश किरार, पालक सोनू धाकड़, रामबाबू मीणा, सुधीर धाकड़ आदि उपस्थित रहे। संचालन सीसीए एवं मीडिया प्रभारी मनोज कुमार वर्मा ने किया।



न्यायाधीश आनंद गौतम ने छात्रों को पॉक्सो अधिनियम, यातायात नियमों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

विधिक सेवा समिति कुरवाई के तत्वावधान में सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद गौतम ने छात्र-छात्राओं को कानून की जानकारी देकर जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। शिविर में शासकीय अधिवक्ता राघवेंद्र दांगी, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय सैनी और विद्यालय के प्राचार्य रश्मिकांत श्रीवास्तव उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि आनंद गौतम ने विद्यार्थियों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श के अंतर को समझाते हुए किसी भी अनुचित व्यवहार के प्रति सजग रहने की सलाह दी। साथ ही बताया कि किसी परेशानी की स्थिति में बच्चों को बिना डर के अपने अभिभावकों और शिक्षकों को जानकारी देना चाहिए। शिविर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की निःशुल्क कानूनी सहायता हेल्पलाइन 15100 के बारे में भी बताया गया। विद्यार्थियों को 18 वर्ष से कम उम्र में वाहन नहीं चलाने की समझाइश देते हुए यातायात नियमों की जानकारी दी।



कुरवाई। कार्यक्रम को संबोधित करते जिला न्यायाधीश।

जिला स्तरीय युवा उत्सव में युवाओं ने बिखेरे प्रतिभा के रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



युवा शक्ति को जनभागीदारी से जोड़ने और प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से सोमवार को स्थानीय रविंद्रनाथ टैगोर ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026 का आयोजन किया गया। इसमें जिले के करीब 200 छात्र-छात्राओं ने समूह लोक नृत्य, लोक गायन, चित्रकला, कविता लेखन और नुक्कड़ नाटक में आकर्षक प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेता संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप सिंह रावत ने बताया कि युवा उत्सव का आयोजन 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत' थीम पर किया गया। राष्ट्रीय युवा उत्सव 2027 का आयोजन 10 से 12 जनवरी तक नई दिल्ली में प्रस्तावित है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न विधाओं के विजेताओं का चयन किया गया। समूह लोक नृत्य में सांदीपनि स्कूल बरईपुरा की टीम प्रथम और सरस्वती शिशु मंदिर तलैया की टीम द्वितीय रही। समूह लोकगीत में शासकीय कन्या महाविद्यालय की टीम ने पहला और शासकीय प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। नुक्कड़ नाटक में संकेत शिशु रंजन विदिशा की टीम प्रथम रही। चित्रकला में तनु कुशवाह प्रथम और स्नेह चौकसे द्वितीय रहीं। कविता लेखन में ऋषिका रघुवंशी प्रथम और उर्वशी सक्सेना द्वितीय रहीं। विधायक मुकेश टंडन, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा और मेरा युवा भारत के उपनिदेशक अभिषेक भारद्वाज ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। अतिथियों ने युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में वंदे मातरम का गायन भी हुआ। संचालन शिक्षक विजय श्रीवास्तव ने किया।

भारतीय संस्कृति, देशभक्ति और सामाजिक संदेशों से सजीं प्रस्तुतियां

स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में 'सृजन 2026' की धूम, विद्यार्थियों ने बिखेरे प्रतिभा के रंग

आर्ट गैलरी बनी आकर्षण का केंद्र, अतिथियों ने की सराहना।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल का वार्षिक उत्सव 'सृजन 2026' शनिवार को विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय संस्कृति, देशभक्ति, सामाजिक सरोकारों और आधुनिक संगीत के संगम ने आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, विधायक मुकेश टंडन, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष तोरण सिंह दांगी, पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अध्यक्षता व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत और पारंपरिक विधि-विधान के साथ हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कथक और लोकनृत्यों के जरिए भारतीय संस्कृति की झलक दिखाई गई। 'मन की ममता' गीत पर भावपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों को भावुक किया, वहीं मनोरंजक नृत्यों ने माहौल में उत्साह भर दिया। विद्यालय संचालक योगेंद्र सिंह राणा, निदेशक मीनल राणा और करण प्रताप सिंह राणा ने अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और प्रतिभाओं को निखारने के लिए निरंतर प्रयासरत है।



विदिशा। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं।

कलयुग आगमन और सरफरोश ने दिया संदेश

'कलयुग आगमन' प्रस्तुति में सामाजिक मूल्यों में गिरावट, मानवीय संवेदनाओं और नैतिकता के महत्व को दर्शाया गया। वहीं 'सरफरोश' के माध्यम से देशप्रेम, वीरता और मातृभूमि के प्रति समर्पण का संदेश दिया गया। प्रस्तुतियों को दर्शकों ने तालियों के साथ सराहा। विद्यालय के प्राचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर शैक्षणिक उपलब्धियों, खेलकूद और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की जानकारी दी। विद्यार्थियों की कलाकृतियों और रचनात्मक मॉडलों से सजी आर्ट गैलरी भी आकर्षण का केंद्र रही।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1590
उच्चतम भाव-7155
सरसों
न्यूनतम भाव-7200
उच्चतम भाव-8701
चना
न्यूनतम भाव-3050
उच्चतम भाव-7200
मसूर
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-8700
शरबती
न्यूनतम भाव-3740
उच्चतम भाव-5800
गेंहू
न्यूनतम भाव-2580
उच्चतम भाव-3455
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2657
उच्चतम भाव-2657
मूंग
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-7600
उड़द
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-7425
मक्का
न्यूनतम भाव-1850
उच्चतम भाव-2751
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-47251
धान
न्यूनतम भाव-1401
उच्चतम भाव-5011
मटर
न्यूनतम भाव-1750
उच्चतम भाव-1976
धनिया
न्यूनतम भाव-10000
उच्चतम भाव-13100

कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में सोमवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 37258 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

दो छात्राएं एथलेटिक्स प्रतियोगिता हेतु रवाना



गंजबासौदा। नवांकुर विद्यापीठ की छात्रा सुभी कुर्मी एवं डॉल्फिन स्कूल ऑफ विजडम की छात्रा अवधी जैन राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सहभागिता करने के लिए श्योपुर रवाना हो गई हैं। 2 से 6 नवंबर तक श्योपुर में आयोजित होने वाली 14 वर्ष से कम आयु वर्ग की इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दोनों छात्राएँ अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी। उल्लेखनीय है कि संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सुभी कुर्मी ने लंबी कूद तथा अवधी जैन ने डिस्कस थ्रो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया था। छात्राओं की इस उपलब्धि में नवांकुर के क्रीड़ा प्रभारी विजय शर्मा एवं डॉल्फिन के क्रीड़ा प्रभारी गौरव भारद्वाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

फर्स्ट एसी में चोरी करने वाले शातिर चोर पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



गंजबासौदा रेलवे स्टेशन से ट्रेन के फर्स्ट एसी कोच में यात्री का बैग चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को जीआरपी भोपाल ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से एक आईफोन 13 प्रो, एक आईपेड, ईयरबड्स, एपल एयरटैग सहित कुल 2 लाख 63 हजार रुपये का मशरुका जब्त किया गया है। जीआरपी कंट्रोल रूम भोपाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार फरियादी रवि मिश्रा पिता केसी मिश्रा निवासी सिंगरौली द्वारा थाना जीआरपी भोपाल में मौखिक रिपोर्ट की थी कि वह दिनांक 30/10/2026 को ट्रेन 22166 सिंगरौली एक्सप्रेस के कोच एच-1 सीट नंबर 1,2,3 पर परिवार के साथ सिंगरौली से भोपाल यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान उसने अपना पिट्ठू बैग एवं डफल बैग खाली पड़ी बर्थ नंबर 4 पर रखा था। गंजबासौदा स्टेशन से निकलते समय नींद खुली तो बैग नहीं मिले। बैग के अंदर एक आईफोन 13 प्रो, एक आईपेड, दो ईयरबड, एपल कंपनी के चार्जर व अन्य सामान रखा था। घटना स्थल थाना जीआरपी विदिशा द्वारा धारा 305(सी) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया एवं जीआरपी टीम को अलर्ट किया गया। टीम द्वारा भोपाल रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज में आरोपीगण को चिन्हित किया गया। मुखबिर सूचना पर चांदबड़ चौराहा से दोनों आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने चोरी करना कबूल किया। आरोपियों की पहचान लोकेश रैकवार उम्र 22 साल, श्याम रैकवार उम्र 18 साल निवासी वार्ड नंबर 1 फ्रीगंज गंजबासौदा के रूप में हुई है। रेल पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के मार्गदर्शन में निरीक्षक जहीर खान, मिथलेश भारद्वाज, मकसूद खान, बृजेश, सचिन जाट एवं सीआईबी आरपीएफ प्रआर जीतराम की सराहनीय भूमिका रही।

दूसरी मंजिल पर संचालित हो रही पंजाब नेशनल बैंक

बैंकों के बाहर पार्किंग सुविधा नहीं मेन रोड पर लगता है जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर के अनेक बैंकों के बाहर पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने से मेन रोड पर आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। बैंक आने वाले ग्राहक अपने दोपहिया वाहन सड़क पर ही बेतरतीब खड़े कर देते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि स्टेशन रोड और मुख्य बाजार क्षेत्र में किस तरह दर्जनों बाइकें सड़क पर ही खड़ी हैं। बीच सड़क पर मवेशियों के घूमने से स्थिति और भी खराब हो जाती है। कई बार तो एम्बुलेंस और स्कूली वाहनों को भी इस जाम में फंसना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बैंक प्रबंधनों द्वारा पार्किंग के लिए कोई गार्ड या व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे ग्राहक जहां जगह मिलती है वहीं वाहन खड़ा कर बैंक में चले जाते हैं।

पंजाब नेशनल बैंक की दूसरी मंजिल पर जाने में बुजुर्ग, दिव्यांग हो रहे परेशान

गंजबासौदा। उधर नगर में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा दूसरी मंजिल पर संचालित हो रही है। बैंक में लिफ्ट की सुविधा नहीं होने से बुजुर्ग, दिव्यांग और महिला ग्राहकों को सीढ़ियां चढ़ने में भारी परेशानी होती है। कई बुजुर्ग खाताधारकों को तो परिजनों के सहारे बैंक तक पहुंचना पड़ता है। पेंशन लेने आने वाले वृद्धजनों के लिए यह सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है। नागरिकों ने मांग की है कि सभी बैंकों के बाहर नगर पालिका द्वारा पार्किंग जोन चिन्हित किए जाएं और यातायात पुलिस द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए। साथ ही दूसरी मंजिल पर संचालित बैंकों को ग्राउंड फ्लोर पर शिफ्ट किया जाए या लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि बुजुर्ग ग्राहकों को राहत मिल सके।

दस्तावेजों में कूटरचना करने वाले तीन आरोपियों को सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

फर्जी दस्तावेज तैयार कर ट्रैक्टर फायनेंस कराने के मामले में तृतीय अतिरिक्त अपर सत्र न्यायाधीश जफर इकबाल के न्यायालय ने तीन आरोपियों को 3-3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 15-15 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। शासकीय अधिवक्ता सुरेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि फरियादी शेरसिंह ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को दिनांक 28/12/2017 को एक लिखित आवेदन देकर बताया था कि ट्रैक्टर शोरूम के एजेंट व अन्य लोगों ने मिलकर उसके परिवार के दस्तावेजों की कूटरचना की है। आरोपियों ने कूटरचित दस्तावेजों का इस्तेमाल कर हेरफेर कर ट्रैक्टर फायनेंस करा लिया और दस्तावेजों पर फर्जी हस्ताक्षर कर फरियादी के नाम से ट्रैक्टर ले लिया, जबकि फरियादी ने कोई ट्रैक्टर फायनेंस नहीं कराया था। फरियादी के आवेदन पर शमशाबाद थाना पुलिस ने संपूर्ण विवादास्पद दस्तावेजों की जांच कर धारा 420, 120B, 467, 468, 471 आईपीसी के तहत पंजीबद्ध की। संपूर्ण विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय में फरियादी एवं दस्तावेजी साक्षीगणों के बयान एवं हस्तलिपि विशेषज्ञ के कथन कराए गए। शासकीय अधिवक्ता के तर्कों एवं लिखित बहस से सहमत होते हुए तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ने आरोपीगण शिवराज यादव, कल्याण यादव एवं ट्रैक्टर एजेंट नदीम खां को 3-3 वर्ष सश्रम कारावास एवं 15-15 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। अभियोजन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक एवं अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता सुरेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा की गई एवं साक्षियों पर नियंत्रण के लिए आरक्षक प्रमेंद्र नामदेव का कार्य सराहनीय रहा।

आज मेगा ब्लॉक, ढाई घंटे रेल यातायात रहेगा बंद

गंजबासौदा। मंगलवार को ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रक्रिया के चलते बासौदा से गुलाबगंज के बीच ढाई घंटे तक रेल यातायात पूरी तरह बंद रहेगा। रेलवे सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बासौदा, पबई और गुलाबगंज स्टेशन पर ऑटोमैटिक सिग्नलिंग कार्य के चलते मंगलवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजकर 30 मिनट तक बासौदा से गुलाबगंज के बीच अप, डाउन और मिडिल लाइनों से रेल यातायात पूरी तरह बंद रखा जाएगा। दोपहर 12 बजकर 30 मिनट के बाद अप और डाउन लाइनों से यातायात बहाल हो सकेगा, जबकि मिडिल लाइन से रेल यातायात दोपहर सवा एक बजे बहाल होगा। इस दौरान यात्री ट्रेनो के अलावा करीब 5 से 6 मालगाडियों का परिचालन भी प्रभावित होगा।

राष्ट्र सेविकाओं ने किया शस्त्र पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

राष्ट्र सेविका समिति द्वारा सेविका एकत्रीकरण एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर की सेविकाओं ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठनात्मक एकता, नारी शक्ति के जागरण तथा राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता निहारिका खोड़के बासौदा जिला बौद्धिक प्रमुख सिरोंज ने सेविकाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्र सेविका समिति के उद्देश्यों, संगठन की 90 वर्षों की गौरवशाली यात्रा तथा वर्तमान समय में महिलाओं की राष्ट्र निर्माण में आवश्यकता और उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अपने उद्बोधन में संगठन के विचारों, संस्कारों एवं राष्ट्रहित के प्रति समर्पण की भावना को समाज में सशक्त बनाने पर जोर दिया। साथ ही महिलाओं से संगठित होकर समाज और राष्ट्र के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। आयोजन के माध्यम से सेविकाओं में संगठनात्मक एकता, नेतृत्व क्षमता और कर्तव्य बोध की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्र सेविका समिति बासौदा द्वारा किया गया। उक्त जानकारी समिति के प्रचार विभाग द्वारा दी गई।

आज होगा श्रीराम शोभायात्रा का आगमन

गंजबासौदा। भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं भगवान श्रीराम के आदर्शों से विद्यार्थियों को परिचित कराने के उद्देश्य से सुभाष निकेतन हायर सेकेंडरी विद्यालय एवं माय स्कूल में दीपावली के पूर्व भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन का भव्य उत्सव हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ आयोजित किया जा रहा है। सिद्धेश्वरी मंदिर से मंगलवार को सुबह 9:30 बजे भगवान श्रीराम की शोभायात्रा प्रारंभ होगी। रथ पर विराजमान भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमानजी विराजमान रहेंगे। शोभायात्रा के विद्यालय परिसर पहुंचने पर भव्य स्वागत एवं पूजन-अर्चन एवं राज्याभिषेक होगा।

अवैध उत्खनन पर वन विभाग ने की कार्रवाई



गंजबासौदा। वन मंडल अधिकारी विदिशा हेमन्त यादव के निर्देशानुसार एवं उप वन मंडल अधिकारी प्रमोद साहू के मार्गदर्शन में अवैध उत्खनन के विरुद्ध गंजबासौदा रेंज में चल रही सतत मुहिम के तहत वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार को अवैध उत्खनन क्षेत्र अंतर्गत आरक्षित वन क्षेत्र में उत्खनित पत्थर को भरते हुए एक ट्रक क्रमांक MP09 KB 7223 को देखा गया, जिसे घेराबंदी कर जब्त किया गया। जब्त कर ट्रक को वन परिक्षेत्र कार्यालय गंजबासौदा लेकर आया गया। आरोपी ट्रक ड्राइवर साहिद खान पुत्र अजीज खान उम्र 45 वर्ष निवासी गंजबासौदा के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। यह कार्रवाई वन परिक्षेत्र अधिकारी अनिल कुमार के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में उप वन क्षेत्रपाल राम कृष्ण अहिरवार, वनपाल लक्ष्मी पंथी, वनपाल महेन्द्र सिंह रांगी, वनपाल सुरेश वर्मा वनपाल, करण त्रिपाठी शर्मा, वनरक्षक हेमन्त रघुवंशी, वनरक्षक पिंकेश गुर्जर, ट्रैकर स्टॉफ जितेन्द्र चतुर्वेदी एवं अन्य स्टॉफ शामिल रहे।

हैमर, जैवलिन थ्रो, दौड़ स्पर्धा में युवाओं के साथ बुजुर्ग खिलाड़ियों ने भी दिखाया दम



गंजबासौदा। जिला मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन के बैनर तले रविवार को 35 वर्ष से 99 वर्ष की आयु के खिलाडियों के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। एसोसिएशन के जिला प्रभारी प्रभात शर्मा ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में गोला फेंक, भाला फेंक, हैमर थ्रो, 100 मीटर दौड, 800 मीटर दौड, 5 किमी पैदल चाल आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिनमें युवा और उम्रदराज खिलाडियों ने पूरे उत्साह से भाग लिया और प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए। जिला प्रभारी प्रभात शर्मा के अनुसार हेमर थ्रो स्पर्धा के 70 वर्ष आयु वर्ग में भारत सिंह रघुवंशी प्रथम, जयपाल शर्मा द्वितीय, दिनेश श्रीवास्तव द्वितीय, 50 वर्ष आयु वर्ग में श्रीकृष्ण तिवारी प्रथम, सुनील राय प्रथम, 65 वर्ष आयु वर्ग में प्रभात शर्मा प्रथम, 75 वर्ष आयु वर्ग में मदन गोयल प्रथम रहे। वहीं पांच किमी पैदल चाल के 80 वर्ष आयु वर्ग में केएन शर्मा प्रथम, 75 वर्ष आयु वर्ग में मदन गोयल प्रथम, 70 वर्ष आयु वर्ग में भारत सिंह रघुवंशी प्रथम, 60 वर्ष आयु वर्ग में हरिनारायण राठौर प्रथम, 40 वर्ष आयु वर्ग में विशाल करंदीकर प्रथम और 35 वर्ष आयु वर्ग में राजीव शर्मा प्रथम रहे। इसी तरह जेवलिन थ्रो के 80 वर्ष आयु वर्ग में चंद्रकुमार तारण प्रथम, जयप्रकाश शर्मा द्वितीय, 70 प्लस आयु वर्ग में जयपाल शर्मा प्रथम, 65 वर्ष आयु वर्ग में डॉ केके तिवारी प्रथम, 35 वर्ष आयु वर्ग में सतेन्द्र सिंह प्रथम रहे। जबकि 100 मीटर दौड में 75 वर्ष आयु वर्ग में प्रजापति प्रथम, मदन गोयल द्वितीय, 70 वर्ष आयु वर्ग में निहाल सिंह प्रथम, जयपाल द्वितीय, 65 वर्ष आयु वर्ग में गजेन्द्र प्रथम, फूलसिंह जाटव द्वितीय, 60 वर्ष आयु वर्ग में सत्यनारायण शर्मा वरिष्ठ पत्रकार एवं अभिभाषक प्रथम, हरिनारायण द्वितीय, करतार सिंह तृतीय रहे। उधर 40 वर्ष आयु वर्ग में मनोज जैन प्रथम, प्रो राजीव शर्मा द्वितीय रहे। 800 मीटर दौड में राकेश पुरोहित प्रथम और शिरीष जालौरी द्वितीय रहे। इस प्रतियोगिता में विधायक हरिसिंह रघुवंशी भी मौजूद रहे और प्रतियोगिता के बाद सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को उन्होंने प्रमाण पत्र वितरित किए।

बस स्टैंड मेला ग्राउंड में लगेगा अस्थाई पटाखा बाजार

मेला ग्राउंड में लगेंगी 300 पटाखा दुकानें



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

दीपावली पर्व को लेकर नगर पालिका द्वारा मेला ग्राउंड में अस्थायी पटाखा बाजार लगाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। नगर पालिका इस बार मेला ग्राउंड में करीब 300 पटाखा दुकानों के लिए प्लॉट काटेगी, जिसका आवंटन आज से शुरू किया जाएगा। नपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दीपावली के मद्देनजर शहर के मुख्य बाजार में पटाखा बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा, इसलिए सभी पटाखा व्यवसायियों को मेला ग्राउंड में ही दुकानें आवंटित की जाएंगी। इसके लिए नगर पालिका ने ग्राउंड की साफ-सफाई और समतलीकरण का कार्य करा दिया है। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से फायर ब्रिगेड, पानी के टैंकर और रेत की व्यवस्था भी मौके पर की जाएगी। दुकानों के आवंटन के लिए नगर पालिका द्वारा प्रति प्लॉट निर्धारित शुल्क रखा गया है। इच्छुक व्यवसायी नगर पालिका टोकन के आधार पर आवंटन किया जाएगा। दुकानों के बीच पर्याप्त दूरी रखी जाएगी ताकि आगजनी की घटना होने पर काबू पाया जा सके। नगर पालिका सीएमओ अशोक वर्मा ने बताया कि पटाखा बाजार में बिना लाइसेंस के बिक्री नहीं करने दी जाएगी। सभी दुकानदारों को अग्निशमन यंत्र रखना अनिवार्य होगा और खुले में आतिशबाजी पर रोक रहेगी। पुलिस और राजस्व विभाग की टीम भी मौके पर निगरानी के लिए तैनात रहेगी। बताया जा रहा है कि आज सुबह से मेला ग्राउंड में दुकानों का आवंटन शुरू हो जाएगा, जो दो दिनों तक चलेगा।

ऊहर में निकला संघ का पथ संचलन



गंजबासौदा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गत दिवस तहसील के ग्राम ऊहर में पथ संचलन निकाला गया। अनुशासन और एकता का संदेश लिए स्वयंसेवक जब दंड के साथ कदमताल करते हुए गांव की मुख्य गलियों से निकले तो पूरा गांव राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया। तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि सफेद शर्ट, खाकी निकर और काली टोपी के गणवेश में स्वयंसेवक हाथ में दंड लिए अनुशासित कतार में चल रहे हैं। गांव के मुख्य मार्ग पर निकले इस संचलन को देखने के लिए ग्रामीणों में उत्साह रहा। मार्ग में खड़े लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। जानकारी के अनुसार संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में ग्रामीण अंचलों में भी पथ संचलन और संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ऊहर गांव में यह संचलन आयोजित किया गया था। संचलन गांव के मुख्य चौराहे, मंदिर परिसर और प्रमुख मार्गों से होते हुए निकला। इस दौरान स्वयंसेवकों में राष्ट्र सेवा और सामाजिक समरसता का भाव देखने को मिला। ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से युवाओं में अनुशासन और देशभक्ति की भावना जागृत होती है। पथ संचलन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

श्रमदानियों ने नदी से निकाला बड़ी मात्रा में कचरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



बेतवा नदी की स्वच्छता एवं संरक्षण के लिए श्रमदान दल द्वारा संचालित साप्ताहिक श्रमदान अभियान 6.0 का छठा चरण रविवार को रिपटा घाट पर संपन्न हुआ। इस दौरान श्रमदान दल के सदस्यों ने नदी तट एवं घाट परिसर में फैली गंदगी को एकत्रित कर स्वच्छता का प्रयास किया। विडंबना यह है कि वर्षों से लगातार चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों की अपीलों नागरिकों से करने के बावजूद बेतवा नदी में कचरा डालने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब नदी में केवल पूजन सामग्री ही नहीं, बल्कि घरों का घरेलू कचरा भी खुलेआम फेंका जा रहा है। यह स्थिति नदी संरक्षण के प्रति नागरिकों की उदासीनता और जिम्मेदारी के अभाव को उजागर करती है। जिस नदी को आस्था के साथ माँ कहकर पुकारा जाता है, उसी की गोद में घरों का कचरा डालना हमारी कैसी श्रद्धा और कैसी मानसिकता को दर्शाता है? एक ओर नदी की स्वच्छता के लिए कुछ लोग हर सप्ताह श्रमदान कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ लोगों की लापरवाही उन प्रयासों पर पानी फेर रही है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर कब तक कुछ जागरूक नागरिक दूसरों की फैलाई गंदगी साफ करते रहेंगे? अभियान के छठे चरण में रुद्रांश सिंह, दीपेश शर्मा, दिनेश चौरसिया, संस्कार अग्रवाल, शरद ओझा एवं आकाश जैन ने सहभागिता करते हुए श्रमदान किया। श्रमदान दल का कहना है कि केवल नदी तटों की सफाई से बेतवा को स्वच्छ नहीं बनाया जा सकता। इसके लिए जरूरी है कि बेतवा सहित किसी भी नदी में कचरा डालने की प्रवृत्ति पर रोक लगे और प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझे। जब तक लोगों की मानसिकता नहीं बदलेगी, तब तक सफाई के प्रयास स्थायी परिणाम नहीं दे पाएंगे। नदी को गंदा करने वाले हाथ यदि हमारे हैं, तो उसे स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी से हम बच कैसे सकते हैं?

सिरोंज में जल्द शुरू होगा रेलवे लाइन का काम

सिरोंज को जिला बनाने के प्रस्ताव पर भी मेरी सहमतिः सांसद डॉ. लता बानखेड़े



युवाओं को रोजगार देने के लिए सिरोंज में स्थापित होंगे उद्योग

एनएच और राष्ट्रीय मार्गों से जुड़ेगा क्षेत्र, शासकीय अस्पताल की अव्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर से करेंगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सिरोंज क्षेत्र के विकास को लेकर जल्द ही कई महत्वपूर्ण सौगातें मिलने की उम्मीद है। रेलवे लाइन, जिला निर्माण, औद्योगिक विकास, राष्ट्रीय राजमार्गों से कनेक्टिविटी और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर क्षेत्रीय सांसद डॉ. लता बानखेड़े ने अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की है। अपने सिरोंज दौरे के दौरान हरिभूमि संवाददाता राजीव जैन सैनानी से विशेष चर्चा करते हुए सांसद ने कहा कि सिरोंज क्षेत्र में शीघ्र ही रेलवे लाइन का कार्य प्रारंभ होगा। इसके साथ ही सिरोंज को जिला बनाने के मामले में भी मेरी सहमति है और इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। सांसद डॉ. लता बानखेड़े ने कहा कि सिरोंज एवं आसपास के क्षेत्रों का विकास उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। लंबे समय से क्षेत्रवासी रेलवे लाइन की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में लगातार केंद्रीय रेल मंत्री से चर्चा की जा रही है। केंद्रीय रेल मंत्री द्वारा भी उन्हें आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही सिरोंज क्षेत्र में रेलवे लाइन का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। रेलवे लाइन शुरू होने से सिरोंज सहित लटेरी, शमशाबाद, कुरवाई और आसपास के क्षेत्रों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। साथ ही व्यापार, कृषि और औद्योगिक गतिविधियों को भी गति मिलने की संभावना है।

रेलवे लाइन से खुलेगा रोजगार का रास्ता

सांसद डॉ लता बानखेडे ने कहा कि रेलवे लाइन केवल आवागमन का साधन नहीं होगी, बल्कि यह पूरे क्षेत्र के आर्थिक विकास का आधार बनेगी। रेलवे सुविधा उपलब्ध होने से व्यापारियों, किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को लाभ मिलेगा। वहीं रेलवे लाइन के निर्माण कार्य से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि रेलवे लाइन को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री से उनकी लगातार चर्चा हो रही है और इस परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास जारी हैं।



सिरोंज को जिला बनाने के मामले में मेरी सहमति

सिरोंज को जिला बनाए जाने की लंबे समय से चली आ रही मांग पर सांसद ने कहा कि सिरोंज को जिला बनाने के मामले में उनकी सहमति है। क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, आबादी और प्रशासनिक आवश्यकताओं को देखते हुए जिला निर्माण की मांग महत्वपूर्ण है। जिला बनने से क्षेत्र के लोगों को प्रशासनिक कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और सरकारी योजनाओं का लाभ भी स्थानीय स्तर पर बेहतर तरीके से मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि इस दिशा में आवश्यक प्रयास किए जाएंगे।

सिरोंज में लगाए जाएंगे उद्योग

क्षेत्र के युवाओं के रोजगार के मुद्दे पर सांसद डॉ. बानखेड़े ने कहा कि युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है। इसके लिए सिरोंज में उद्योग स्थापित कराने के प्रयास किए जाएंगे। उद्योगों की स्थापना से न केवल स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।

एनएच और राष्ट्रीय मार्गों से जुड़ेगा सिरोंज

सांसद ने क्षेत्र की सड़क कनेक्टिविटी को लेकर भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सिरोंज को राष्ट्रीय राजमार्गों एवं अन्य प्रमुख राष्ट्रीय मार्गों से जोड़ने के संबंध में प्रयास किए जा रहे हैं। इस विषय पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भी उनकी चर्चा हुई है। बेहतर सड़क नेटवर्क तैयार होने से सिरोंज का संपर्क अन्य प्रमुख शहरों और व्यापारिक केंद्रों से मजबूत होगा। इससे आवागमन आसान होने के साथ ही व्यापार, परिवहन और रोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे।

शासकीय अस्पताल की व्यवस्थाओं में होगा सुधार

सिरोंज के शासकीय अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर पूछे गए सवाल पर सांसद ने कहा कि अस्पताल की व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर से चर्चा की जाएगी। आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलना आवश्यक है। अस्पताल में जो भी समस्याएं हैं, उन्हें अधिकारियों के संज्ञान में लाकर व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि मरीजों को उपचार के लिए परेशान न होना पड़े।

विकास के मुद्दों पर केंद्र और प्रशासन से लगातार संपर्क

सांसद डॉ. लता बानखेड़े ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान कहा कि सिरोंज क्षेत्र के विकास से जुड़े सभी महत्वपूर्ण विषयों को संबंधित केंद्रीय मंत्रियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के सामने रखा जा रहा है। रेलवे लाइन, जिला निर्माण, उद्योगों की स्थापना, राष्ट्रीय मार्गों का विस्तार और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार जैसे विषयों पर प्राथमिकता से काम कराने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सिरोंज सहित लटेरी, शमशाबाद, कुरवाई और आसपास के क्षेत्रों का समग्र विकास आवश्यक है। रेलवे और सड़क सुविधाओं का विस्तार होने से क्षेत्र में विकास की नई संभावनाएं पैदा होंगी तथा युवाओं के लिए रोजगार के रास्ते खुलेंगे। सांसद के सिरोंज दौरे के दौरान सामने आए इन मुद्दों से क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को लेकर एक बार फिर उम्मीदें बढ़ी हैं। अब क्षेत्र की जनता की निगाहें रेलवे लाइन के कार्य की शुरुआत, जिला निर्माण की प्रक्रिया, औद्योगिक इकाइयों की स्थापना और मूलभूत सुविधाओं में होने वाले सुधार पर टिकी हुई हैं।

पांच विद्यालयों के विद्यार्थियों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



निर्मला कॉन्वेंट विद्यालय की टीम ने हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय निर्मला कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में मध्यप्रदेश सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नगर के पांच प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए मध्यप्रदेश के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, भौगोलिक विशेषताओं, राजनीतिक व्यवस्था, कला, साहित्य एवं परंपराओं से संबंधित अपने ज्ञान और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक विरासत से परिचित कराना तथा उनमें सामान्य ज्ञान के प्रति रुचि विकसित करना रहा। प्रतियोगिता में शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, निर्मला कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, संत सुधासागर इंटरनेशनल स्कूल एवं श्रीमती गंगाबाई जगमोहनदास अग्रवाल हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी विद्यालयों की टीमों ने पूरे उत्साह, आत्मविश्वास और तैयारी के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

पांच चरणों में प्रतियोगिता का आयोजन

प्रतियोगिता का आयोजन पांच चरणों में किया गया। इसमें मध्यप्रदेश की राजनीति, इतिहास, भूगोल, संस्कृति, कला, साहित्य, प्रमुख पर्यटन स्थल, ऐतिहासिक धरोहर, महान विभूतियों, लोक परंपराओं एवं प्रदेश से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित प्रश्न पूछे गए। प्रत्येक चरण में विद्यार्थियों की विषय संबंधी जानकारी, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता, तार्किक सोच एवं प्रश्नों को समझकर सही उत्तर देने की दक्षता का परीक्षण किया गया। प्रतियोगिता के सभी राउंड में प्रतिभागी टीमों के बीच कड़ा और रोचक मुकाबला देखने को मिला। कई अवसरों पर टीमों के बीच अंकों का अंतर भी बेहद कम रहा, जिससे प्रतियोगिता का रोमांच लगातार बना रहा। विद्यार्थियों ने अपनी तैयारी, सूझबूझ और आत्मविश्वास से उपस्थित लोगों को प्रभावित किया।



मध्यप्रदेश के प्रति जागरूकता एवं गौरव की भावना विकसित करना

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक फादर एंटोनी ने कहा कि मध्यप्रदेश स्थापना दिवस केवल एक उत्सव मनाने का अवसर नहीं है, बल्कि यह अपने प्रदेश के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति, विविध परंपराओं और विशिष्ट पहचान को जानने एवं समझने का भी महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में मध्यप्रदेश के प्रति जागरूकता एवं गौरव की भावना विकसित करना है। साथ ही विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक एवं भौगोलिक विशेषताओं की जानकारी देना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इनके माध्यम से बच्चों में ज्ञानार्जन की प्रवृत्ति, तार्किक चिंतन, निर्णय लेने की क्षमता, आत्मविश्वास एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है।

इतिहास, संस्कृति एवं गौरवशाली विरासत को जानने की जिज्ञासा को दिया बढ़ावा

कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थियों ने भी प्रतियोगिता को ज्ञानवर्धक एवं रोचक बताया। पांच चरणों में आयोजित इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश के इतिहास, संस्कृति, भौगोलिक स्वरूप एवं विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश की उपलब्धियों से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुईं। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगी गतिविधियों में भाग लेने और अपनी जानकारी को परखने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन विद्यालय के सोशल क्लब के तत्वावधान में किया गया। इसमें सोशल क्लब की सदस्य शिक्षिका मिनीमॉल थॉमस, शिक्षक शैलेन्द्र कुशवाह एवं समरान खान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजकों ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

शानदार प्रदर्शन करते हुए प्राप्त किया प्रथम स्थान

प्रतियोगिता के अंतिम परिणामों में निर्मला कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं श्रीमती गंगाबाई जगमोहनदास अग्रवाल हायर सेकेंडरी स्कूल की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। विजेता टीमों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली निर्मला कॉन्वेंट विद्यालय की टीम को विद्यालय के प्रबंधक फादर एंटोनी द्वारा 3,000 रुपये की नकद पुरस्कार राशि एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली श्रीमती गंगाबाई जगमोहनदास अग्रवाल हायर सेकेंडरी स्कूल की टीम को विद्यालय के सहायक प्रबंधक फादर मिथुन द्वारा 2,000 रुपये की नकद पुरस्कार राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।



कैंट पुलिस ने मोबाइल गोदाम में 3 लाख की चोरी का किया खुलासा, दो कर्मचारी गिरफ्तार

सागर। ग्राम पटकुई स्थित मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान के गोदाम में हुई करीब तीन लाख रुपये की चोरी का कैंट पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी गोदाम में ही कर्मचारी थे। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर बड़ी संख्या में चोरी किए गए इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार फरियादी आकाश फब्बानी का ग्राम पटकुई में मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान का गोदाम है। यहां आकाश रजक और शुभम शिल्पी काम करते थे। आरोप है कि दोनों ने 28 सितंबर से 18 अक्टूबर के बीच आपसी मिलीभगत से गोदाम में रखे सामान की चोरी की। स्टॉक मिलान और सीसीटीवी फुटेज की जांच में उनकी संलिप्तता सामने आने के बाद दोनों काम छोड़कर फरार हो गए थे। शिकायत पर कैंट पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 360 स्पीकर, 200 एयरपॉड्स और 945 सीएमएफ ईयरबड्स सहित कुल 2 लाख 34 हजार 100 रुपये कीमत का सामान बरामद किया है।

युवाओं को भ्रमित कर रही कांग्रेसः अभिषेक

प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना चाहिए : रानी कुशवाहा

गढ़ाकोटा में हुआ प्रबुद्ध जन संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा



गढ़ाकोटा में भाजपा द्वारा आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं भाजपा जिला अध्यक्ष रानी कुशवाहा ने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मत दाता सूची में होना चाहिए। मृतक, स्थानांतरित, अनुपस्थित और दोहरी प्रविष्टियों को हटाना आवश्यक है। मतदाता सूची का शुद्धिकरण निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि एसआईआर को लेकर विपक्ष द्वारा भ्रम फैलाना उचित नहीं है। मुख्य वक्ता अभिषेक भार्गव ने कहा कि कांग्रेस युवाओं को भ्रमित कर रही है। लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाने से पहले तथ्यों को समझना जरूरी है। जनता के जनादेश का सम्मान करना सभी राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी है।

विशिष्ट अतिथि एवं पन्ना जिले के प्रभारी जाहर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत हमेशा अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखकर निर्णय लेता है।

अर्टिगा की टक्कर से बाइक सवार की मौत, देवरी-रहली मार्ग पर हादसा

रिश्तेदारी में जा रहे थे 55 वर्षीय भरत सेन

कार चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

देवरी-रहली मार्ग पर रविवार शाम ग्राम डोंगर सलैया के बिजासेन मंदिर के पास मोड़ पर तेज रफ्तार अर्टिगा कार की टक्कर से बाइक सवार 55 वर्षीय भरत सेन की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक वाहन सहित फरार हो गया। जान कारी के अनुसार गढ़ाकोटा के ग्राम उदयपुरा निवासी भरत सेन रविवार शाम बाइक एमपी 15 एनएच 7634 से रिश्तेदारी में देवरी जा रहे थे। शाम करीब 5 बजे डोंगर सलैया के पास सामने से आ रही नीले रंग की कार एमपी 15 जेडक्यू 1115 ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में भरत सेन के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। ग्रामीणों की सूचना पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को देवरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्रभारी राजस्व अधिकारी सहित दो निगम कर्मचारी सेवानिवृत्त

सागर। नगर निगम के प्रभारी राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी एवं स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता कर्मचारी किशोरी के सेवानिवृत्त होने पर निगम कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। निगमायुक्त राजकुमार खत्री एवं महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी की उपस्थिति में दोनों कर्मचारियों को शॉल, श्रीफल और पुष्पहार भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने बृजेश तिवारी के सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से कार्य करते हुए राजस्व संग्रहण बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी ने कहा कि सेवाकाल के दौरान किए गए अच्छे कार्य और सहकर्मियों के साथ बने आत्मीय संबंध हमेशा याद रहते हैं।

अनुकंपा नियुक्ति और संबल योजना के प्रकरणों का संवेदनशीलता से शीघ्र निराकरण करें

सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों के स्वत्वों का समय-सीमा में भुगतान सुनिश्चित करें : कलेक्टर दिलीप कुमार यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों, शासकीय योजनाओं की प्रगति तथा लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण संवेदनशीलता एवं सहानुभूतिपूर्वक शीघ्रता से किया जाए, ताकि दिवंगत शासकीय सेवकों के आश्रितों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। सभी विभाग प्रमुख सुनिश्चित करें कि अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रहें और उनका समय-सीमा में निराकरण किया जाए। इसी प्रकार सभी विभागों के अंतर्गत सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति के उपरांत देय स्वत्वों का भुगतान नियमानुसार एवं समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए। किसी भी सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी को अपने देयकों के भुगतान के लिए अनावश्यक परेशान न होना पड़े।

कलेक्टर यादव ने मुख्यमंत्री संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि अनुग्रह सहायता राशि के प्रकरणों का निराकरण सहानुभूति पूर्वक एवं प्राथमिकता से किया जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबल योजना के अपील प्रकरणों की जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायवार समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों की संख्या शून्य करने के निर्देश दिए।

विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने खराब ट्रांसफार्मरों को शीघ्र सुधारने अथवा बदलने, विद्युत लाइनों का नियमित मेंटेनेंस करने तथा गलत बिजली बिलों की नियमानुसार जांच कर तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम कुसुम योजना की प्रगति की समीक्षा की तथा नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा जिले में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं मुख्यमंत्री जनविश्वास में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविरों में प्राप्त शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए अधिकारी नियमित मॉनीटरिंग करें।

प्रधानमंत्री आवास योजना, आवास प्लस एवं धारणाधिकार योजना के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने उनका प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न आयोगों से प्राप्त पत्रों एवं उनके प्रत्युत्तर की समीक्षा करते हुए कहा कि आयोगों द्वारा प्रेषित पत्रों का जवाब निर्धारित समय-सीमा में भेजा जाए। इसी प्रकार रिट याचिकाओं एवं न्यायालयीन पत्रों के जवाब भी समय-सीमा में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने भू-अर्जन तथा अनुभागवार राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने तहसीलवार स्वामित्व योजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए योजना के अंतर्गत पंजीयन का प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ जगदीश कुमार गोमे, नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, संयुक्त कलेक्टर, समस्त एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



घनी आबादी में अवैध पटाखों के गोदाम पर दबिश, 60 हजार के पटाखे जब्त

रहली में पुलिस-प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई, 72 वर्षीय गोदाम संचालक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

घनी आबादी वाले रिहायशी क्षेत्र में बिना लाइसेंस पटाखों का भंडारण करने के मामले में रहली पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए करीब 60 हजार रुपये कीमत के पटाखे जब्त किए हैं। मामले में 72 वर्षीय उत्तमचंद्र जैन के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार 1 नवंबर को उप निरीक्षक हरिसिंह तोमर पुलिस बल और तहसीलदार रहली के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि वार्ड क्रमांक 10 निवासी उत्तमचंद्र जैन द्वारा पप्पन (प्राइम स्नेक्स) के गोदाम में अवैध रूप से पटाखे जमा किए गए हैं। संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश देकर गोदाम की दूसरी मंजिल के हॉल से बड़ी मात्रा में पटाखे बरामद किए। तलाशी में सुतली बम, बुलेट बम, चकरी, अनार, रॉकेट, लड़ियां, फुलझड़ी सहित अन्य आतिशबाजी सामग्री मिली। जब्त पटाखों की कीमत करीब 60 हजार रुपये आंकी गई है। पूछताछ में आरोपी ने करीब तीन दिन पहले सागर से पटाखे लाकर बिना लाइसेंस भंडारण करना स्वीकार किया। वह पटाखों के क्रय-विक्रय और भंडारण संबंधी वैध दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 288, 125 और विस्फोटक अधिनियम की धारा 9(ख) के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को नोटिस तामील कर नियमानुसार पाबंद किया गया है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि पटाखों का भंडारण और विक्रय वैध लाइसेंस एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप ही करें।

न्यायालय तहसीलदार (नगरीय) तहसील विदिशा जिला विदिशा म.प्र.

प्रकरण क्रमांक 2433/अ-6/2026-27

श्रीमति मीना बाई पत्नि श्री करनसिंह कुशवाह निवासी राघवजी कॉलोनी विदिशा ..... आवेदिका

-विरूद्ध-

श्री वीरेन्द्र सिंह पुत्र श्री डम्मर सिंह जाट निवासी विदिशा ..... अनावेदक

// जाहिर सूचना //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति मीना बाई पत्नि श्री करनसिंह कुशवाह निवासी राघवजी कॉलोनी विदिशा द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109-110 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया है कि आवेदिका द्वारा ग्राम कस्वा विदिशा हल्का नं. 02 तहसील विदिशा नगर जिला विदिशा स्थित भूमि सर्वे नं. 1810/1/1 रकवा 0.3700 है. में से 900 वर्गफिट भूखण्ड विक्रेता श्री वीरेन्द्र सिंह पुत्र श्री डम्मर सिंह जाट से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं. 2659 दिनांक 03.02.1999 के द्वारा क्रय किया है। उक्त भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र अनुसार अपने नाम पर नामांतरण कराने का निवेदन किया है। जिसका प्रकरण क्रमांक 2433/अ-6/2026-27 अगली सुनवाई हेतु नियत है।

ऐसे सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि में हित रखते हो तो वह अपनी आपत्ति / दावा प्रकरण में नियत दिनांक 16/11/26 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 02/11/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील नगर विदिशा

उपभोक्ताओं की समस्याएं सुलझाने में घंटों लगा रहा विभाग, मैदानी अमले की कमी

साढ़े 13 हजार बिजली कनेक्शन की व्यवस्था 8 लाइनमैन के भरोसे, शिकायतों का लगा अंबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

रायसेन शहर में बिजली व्यवस्था का विस्तार लगातार हो रहा है। नए कनेक्शन बढ़ रहे हैं, बिजली लाइनों का नेटवर्क भी फैल रहा है। लेकिन इस व्यवस्था को संभालने वाले बिजली कर्मचारियों की संख्या नहीं बढ़ रही। नतीजा यह है कि साढ़े 13 हजार से अधिक बिजली उपभोक्ताओं की निर्बाध बिजली आपूर्ति की जिम्मेदारी महज 8 नियमित लाइनमैन और 30 आउटसोर्स कर्मचारियों के भरोसे है।

बिजली कर्मचारियों की कमी का खामियाजा सीधे उपभोक्ताओं को परेशानी के रूप में भुगतना पड़ रहा है। बिजली गुल होने, तार टूटने, ट्रांसफार्मर खराब होने या लाइन में फॉल्ट आने पर शिकायत दर्ज कराने के बावजूद लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। कई मामलों में शिकायत के निराकरण में 12 घंटे से अधिक समय लग रहा है।

बिजली कंपनी के शिकायत केंद्र की व्यवस्था भी उपभोक्ताओं की परेशानी कम नहीं कर पा रही है। यहां मोबाइल फोन लगाने पर शिकायत तो दर्ज हो जाती है।लेकिन मौके पर कर्मचारी कब पहुंचेगा और बिजली कब बहाल होगी, इसकी कोई निश्चित जानकारी नहीं मिलती। कई बिजली उपभोक्ताओं को एक ही समस्या



के लिए बार-बार फोन करना पड़ता है। सवाल यह है कि जब शिकायत दर्ज करने की व्यवस्था है तो उसका समय पर निराकरण कराने की जवाबदेही कौन तय करेगा ?

8 लाइनमैन, 30 आउटसोर्स कर्मचारी के जिम्मे पूरा शहर

रायसेन शहर में घरेलू, व्यावसायिक और अन्य श्रेणियों के मिलाकर 13,500 से अधिक बिजली उपभोक्ता हैं। इनके लिए बिजली आपूर्ति बनाए रखने, लाइनों की निगरानी करने और तकनीकी खराबियों को दूर करने की जिम्मेदारी सीमित अमले पर है। शहर में केवल 8 नियमित लाइनमैन कार्यरत हैं, जबकि 30 कर्मचारी आउटसोर्स के माध्यम से काम कर रहे हैं। बिजली नेटवर्क के विस्तार और उपभोक्ताओं की संख्या के मुकाबले यह अमला पर्याप्त नहीं माना जा रहा।

कर्मचारियों की कमी का असर सामान्य दिनों में भी दिखाई देता है, लेकिन गर्मी और बारिश के दौरान हालात ज्यादा बिगड़ जाते हैं। आंधी-तूफान में पेड़ों की डालियां बिजली लाइनों पर गिरने, तार टूटने और इंसुलेटर खराब होने जैसी घटनाएं एक साथ कई इलाकों में होती हैं। ऐसे में सीमित कर्मचारी एक समय में सभी स्थानों पर नहीं पहुंच पाते। एक क्षेत्र की खराबी सुधारने में लगे कर्मचारी दूसरे क्षेत्र की शिकायतों तक समय पर नहीं पहुंच पाते।

लाइनें और कनेक्शन बढ़े लेकिन कर्मचारी नहीं

बिजली उपभोक्ता रघुवीर यादव, दिनेश शर्मा, शेर सिंह लोधी, मिथुन लोधी और हेमंत विश्वकर्मा का कहना है कि बिजली कंपनी ने शहर में कनेक्शन और लाइनों का विस्तार तो तेजी से किया है। लेकिन कर्मचारियों की संख्या उसी अनुपात में नहीं बढ़ाई।

अचानक बिजली फॉल्ट होने पर शिकायत दर्ज कराने के बाद भी कर्मचारियों का इंतजार करना पड़ता है। कई बार अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यक्तिगत रूप से फोन करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होता। उनका कहना है कि बिजली जैसी आवश्यक सेवा में शिकायतों के निराकरण के लिए समय-सीमा तय होनी चाहिए।

इनका कहना है

बिजली संबंधी शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से किया जाता है। कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं, लेकिन कई कर्मचारी इनका उपयोग नहीं करते। अधिकारियों के अनुसार शिकायतों का जल्द निराकरण करने के प्रयास किए जाते हैं।

- **प्रांजल शर्मा,** जेई, बिजली कंपनी रायसेन।

एक दिन में 100 से 150 शिकायतें निराकरण में लग सकते हैं दो दिन

आंधी-बारिश के दौरान बिजली कंपनी के सामने शिकायतों का दबाव कई गुना बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति में एक दिन में 100 से 150 तक शिकायतें पहुंचने की बात सामने आती है। कर्मचारियों की कमी और एक साथ कई स्थानों पर लाइट फॉल्ट आने से शिकायतों का निराकरण करने में दो दिन तक लग सकते हैं। कई मोहल्लों कालोनियों में बिजली लंबे समय तक बंद रहने से पेयजल आपूर्ति प्रभावित होती है। घरों में जरूरी कामकाज ठप होने के साथ दुकानदारों और छोटे कारोबारियों को भी नुकसान उठाना पड़ता है।

सबसे बड़ी समस्या यह है कि शिकायत दर्ज होने के बाद उसकी निगरानी की व्यवस्था उपभोक्ताओं को प्रभावी नजर नहीं आती। शिकायतकर्ता को यह पता नहीं चलता कि उसकी शिकायत किस कर्मचारी को सौंपी गई है और उसका निराकरण कब तक होगा।

देहरी गांव के पास भीषण सड़क हादसा

तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार 3 लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर/दीवानगंज

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर तेज रफ्तार वाहनों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाएं इस मार्ग पर यातायात सुरक्षा व्यवस्था और वाहन चालकों की लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं।

सोमवार को ग्राम देहरी के पास एक बार फिर भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनकी अस्पताल में मौत हो गई। मृतकों में 1. राजकुमार साहू पुत्र मुंशीलाल साहू, उम्र 50 वर्ष, निवासीः बालाजी नगर, खजुरी कलां, भोपाल, 2. माया साहू पत्नी राजकुमार साहू, उम्र 40 वर्ष, निवासीः बालाजी नगर, खजुरी कलां, भोपाल, 3. सोनू साहू पुत्र रामभरोसे साहू, उम्र 35 वर्ष, निवासीः ग्राम चिचोली, थाना रेहटी, जिला सीहोर शामिल हैं।

हादसे के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई और एक पेड़ से जा टकराई। जानकारी के अनुसार कार क्रमांक एमपी 04 डब्लूसी 7361 ने मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी04 डब्लूएल 7978 को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं कार भी



बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोग घायलों की मदद के लिए दौड़े।

तीनों घायल की भोपाल के अस्पताल में मौत

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को 108 एंबुलेंस तथा पुलिस वाहन 112 की सहायता से अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को भोपाल रेफर कर दिया। इनमें से दो घायलों को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि एक का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा था, जहां कुछ समय बाद तीनों घायलो की मौत हो गई।

सूखी सेवनिया थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि दुर्घटना में बाइक सवार तीन लोग घायल हुए हैं। जिनकी ईलाज के दौरान भोपाल के अस्पताल में मौत हो गई। दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

युवा महाविद्यालयीन पथ संचलन का भव्य आयोजन

जैसा समाज होगा वैसा राष्ट्र होगा- जोशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के निमित्त युवा महाविद्यालयीन पथ संचलन का भव्य आयोजन नगर के मारुति नगर पार्क से किया। बड़ी संख्या में महाविद्यालयीन युवाओं ने अनुशासन, एकता एवं राष्ट्रभावना का परिचय देते हुए पथ संचलन में सहभागिता की। संघ शताब्दी वर्ष के निमित्त आयोजित यह अंतिम कार्यक्रम रहा। मुख्य वक्ता नवीन जोशी विभाग कार्यवाह विदिशा ने अपने बौद्धिक में राष्ट्र निर्माण व्यक्ति निर्माण एवं



सामाजिक परिवर्तन विषयों पर विचार व्यक्त किया

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा व्यक्ति निर्माण की संस्कार पीठ है। विचारों को बदलना अपेक्षाकृत सरल है, किंतु मन और व्यवहार में परिवर्तन लाना एक दीर्घकालीन प्रक्रिया है। संघ की यह प्रयोगशाला पिछले पांच पीढ़ियों से निरंतर राष्ट्र के लिए स्वयं को समर्पित कर रही है। संघ का कार्य केवल संगठन निर्माण नहीं, बल्कि समाज परिवर्तन का कार्य है। जोशी ने कहा कि इतिहास में विदेशी आक्रांताओं एवं गुलामी के दौर में समाज की एकता का अभाव तथा आपसी भेदभाव हमारी कमजोरी बने। जब समाज एकजुट होकर खड़ा नहीं होता, तब राष्ट्र को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। संघ की शतकीय यात्रा में परम वैभव की ओर बढ़ते हुए एक महत्वपूर्ण पड़ाव पूर्ण हुआ है। अब व्यक्ति निर्माण के कार्य को और अधिक गति देने की आवश्यकता है।जोशी ने कहा कि सत्ता परिवर्तन से व्यवस्थाएं बदल सकती हैं, लेकिन समाज का वास्तविक परिवर्तन केवल सामाजिक जागरण से ही संभव है। समाज को जाग्रत करना होगा तथा ऐसी सामूहिक शक्ति का निर्माण करना होगा।

मप्र ग्रामीण बैंक का वित्तीय समावेश शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा सांची द्वारा ग्राम सनखेड़ी में वित्तीय समावेश संतृप्ति अभियान के अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाओं, केंद्र सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और डिजिटल बैंकिंग के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक रेखा तिवारी, पूजा शर्मा एवं सूरज द्विवेदी, सनखेड़ी के सरपंच, राकेश चौकसे, नारायण सिंह बघेल, रामबाबू



सराठे, स्वरूपी बाई मीना, शाखा प्रबंधक शुभम साकल्ले, सौरभ बागड़देव एवं नीलेश रैकवार तथा पुष्पा नायक सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

शिविर के दौरान ग्रामीणों को पीएम जन-धन योजना, री-केवाईसी प्रक्रिया, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी गई।

साथ ही बैंक खातों में आधार एवं मोबाइल नंबर सीडिंग, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, खातों में नामांकन, निष्क्रिय खातों में जमा राशि प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया गया।

एनएच से विज्ञापन बोर्ड हटाने का अभियान प्रारंभ

बरेली। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत उद्यमी संवाद का कार्यक्रम रखा गया था। उद्यमी संवाद के दौरान नगर के व्यापारी बंधुओ द्वारा एनएच 45 के डिवाइडरों पर विज्ञापनों के होर्डिंग बोर्ड लगे हुए होने से आवागमन में बाधा तथा दुर्घटना होने की संभावना होने के कारण डिवाइडरों से विज्ञापन बोर्ड हटाने हेतु सुझाव दिए गए थे। कलेक्टर महोदय द्वारा डिवाइडरों से विज्ञापन बोर्ड हटाने हेतु सीएमओ नगर परिषद बरेली को निर्देश दिए गए थे

कलेक्टर के निर्देशों के पालन में नगर परिषद बरेली द्वारा अभियान चला कर डिवाइडरों से विज्ञापन बोर्ड हटाए जा रहे हैं जिससे की आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। अभियान के दौरान सीएमओ ने स्वयं उपस्थित होकर कार्य कराया गया। अभियान में अनिल धाकड, दिनेश शर्मा, धनराज चौहान आदि उपस्थित रहे।

सीएम हेल्पलाइन निराकरण में नप बरेली को ए ग्रेड, मिला प्रशस्ति पत्र

प्रथम स्थान मिलने पर सीएमओ वर्मा को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर नगर परिषद बरेली को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

सितंबर 2026 की ग्रेडिंग में नप बरेली ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ए ग्रेड हासिल किया। साथ ही जिले की सभी नगर पालिकाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। समारोह के मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल तथा विशेष अतिथि पूर्व मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, कलेक्टर रोहित सिसोनिया सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में नगर परिषद बरेली के मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिशंकर वर्मा को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि नगर परिषद बरेली ने अगस्त 2026 की ग्रेडिंग में भी 96.36 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ए ग्रेड हासिल किया था, जिस पर तत्कालीन कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया था। इसके बाद सितंबर माह में भी नगर परिषद ने अपने प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए 100 प्रतिशत अंक हासिल किए। प्रशस्ति पत्र प्राप्त होने पर नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत 'राजा भैया' चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, समस्त पार्षदों, एल्डरमैन एवं नगर परिषद कर्मचारियों ने सीएमओ हरिशंकर वर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

रात में सड़क चौड़ी दिन में गलियों में हो जाती तब्दील

त्योहारी सीजन में नगर की सड़कों बाजारों में अतिक्रमण की बनी विकराल समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

धनतेरस दीपावली में एक सप्ताह से भी कम समय बचा है। पिछले दिनों कलेक्टर के साथ व्यापारियों की संवाद बैठक में जनहित नगर की समस्याओं से जुड़े अनेक विषयों पर चर्चा हुई थी।

नगर में व्यापक स्तर पर सड़कों सार्वजनिक स्थानों पर फैला अतिक्रमण आमजन के लिए भारी परेशानी और कभी भी घटना दुर्घटना का कारण बन सकता है। त्योहारी सीजन को देखते हुए स्थानीय प्रशासन पुलिस और नगर परिषद को सक्रीयतापूर्वक कठोर कदम उठाकर कार्रवाई करना होगी।

नगर के बीचो-बीच से निकली मुख्य पुरानी एन एच 12 सड़क के किनारो पर दुकानों बैंकों के सामने ही दो पहिया चार पहिया वाहनों का



मेला लगा रहता है। वाहनों को खड़ा किया जाने से पैदल चलने में जोखिम भरी स्थिति बनी रहती है। पैदल चलने के फुटपाथ पर दुकाने हाथ ठेलों का कब्जा बना रहता है।

दीनदयाल परिसर मंडी मस्जिद चौराहा पिपरिया मार्ग चौराहा टॉकीज रोड सब्जी मंडी रोड छोटा बाजार मार्ग बड़ा बाजार छोटा बाजार कन्या शाला रोड किनगी रोड पिपरिया मार्ग सहित अन्य मार्ग रात में तो पूर्ण चौड़ाई में रहते हैं परंतु बाजार दुकान खुलने के साथ ही सड़कों बाजारों में अतिक्रमण हाथ ठेलों की भरमार से चोड़ी सड़के गलियों में तब्दील हो जाती है और सुरक्षित आवागमन में बाधा जोखिम भरी स्थिति में लोगों को सड़क पार करना पड़ता है। अतिक्रमण की समस्या का स्थाई निराकरण सतत सक्रियता से ही हो सकता है। पूर्व में अतिक्रमण हटाने के प्रयास दो-चार दिन बाद पुरानी स्थिति में बादल जाते रहे।

वाहनों का बना प्रवेश

दिन में टॉकीज रोड छोटा बाजार रोड बड़ा बाजार छोटा बाजार कन्या शाला रोड जब अतिक्रमण के कारण गलियों में तब्दील हो जाते हैं। इसके बाद भी चार पहिया वाहनों का इन मार्गों पर प्रवेश बेरोक टोक बना रहता है। जिससे हमेशा भीड़भाड़ में जाम की स्थिति भी बनती है। जरूरी है कि दो पहिया वाहनों को छोड़ सुबह से रात तक चार पहिया वाहनों का प्रवेश निषेध बना रहे तभी सड़कों पर जाम लगने की स्थिति से कुछ राहत मिल सकती है।

